उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज।

पत्रांकः– 5125 /चयन/54–2020/ 2020–21 दिनांक 30-06 – 2020

विज्ञप्ति

दिनांक 2 जनवरी 2020 से दिनांक 21.03.2020 के मध्य विज्ञापन वर्ष 2016 प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक संवर्ग के उर्दू, संगीत वादन, संगीत गायन, सिलाई, कृषि, वाणिज्य, बांग्ला, गणित, शारीरिक शिक्षा एवं गृहविज्ञान कुल 10 विषयों तथा प्रवक्ता संवर्ग के उर्दू, मनोविज्ञान, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, संगीत वादन, संगीत गायन, कृषि, जीवविज्ञान, सैन्यविज्ञान, वाणिज्य, तर्कशास्त्र, भूगोल, इतिहास, नागरिकशास्त्र, भौतिक विज्ञान, गणित, रसायन विज्ञान, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, शारीरिक शिक्षा एवं गृहविज्ञान कुल 21 विषयों के साक्षात्कार सम्पन्न हो चुके है, इन सभी विषयों के अन्तिम चयन परिणाम क्रमशः दिनांक 28 फरवरी 2020, 19 मार्च 2020 एंव 21 मई 2020 को घोषित किये जा चुके हैं।

चयन बोर्ड की विज्ञप्ति संख्या–5100/चयन/54–2020/2020–21 दिनांक 23.06.2020 द्वारा उपरोक्त विषयों में आरक्षित श्रेणी के ऐसे अभ्यर्थी जो अनारक्षित श्रेणी में चयनित हुए है, को दिनांक 23.06.2020 से 30.06.2020 तक अनारक्षित श्रेणी की संस्था की अधिमानता आनलाइन भरने का अवसर दिया गया था।

उक्त के संदर्भ में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त विषयों में मात्र आरक्षित श्रेणी (OBC, SC, ST) के ऐसे अभ्यर्थी जो मेरिट के आधार पर अनारक्षित श्रेणी (GEN) में चयनित है, को सामान्य श्रेणी की संस्था की आनलाइन अधिमानता भरने हेतु अन्तिम तिथि 30.06.2020 से बढ़ाकर 02.07.2020 की जाती है।

इसके बाद आनलाइन अधिमानता भरने का कोई अवसर नही दिया जायेगा, और न ही इस संदर्भ में कोई प्रत्यावेदन स्वीकार होगा। अनारक्षित श्रेणी में चयनित आरक्षित श्रेणी के जिन अभ्यर्थियों ने अपनी अधिमानता आनलाइन भर दी है उन्हें पुनः अधिमानता भरने की आवश्यकता नही है।

भवदीय

उपसचिव
उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,
प्रयागराज।